Jamshedpur Co-operative College, Jamshedpur

Department of Hindi

BA Programme Outcome

हिन्दी के इस पाठ्यक्रम को भाषा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को हिन्दी की उत्तपत्ति और विकास से अवगत कराने के साथ ही साथ साहित्य में बिखरे इसके विभिन्न रूपों की समझ को भी विकसित करने में विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करता है ।

संप्रेषण और विशेष रूप से आधिकारिक और प्रशासनिक संप्रेषण में हिंदी के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के साथ यह पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को उनकी व्यवहारिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए हिन्दी का उपयोग करने में अधिक आश्वस्त होने के लिए सशक्त करेगा।

इस पाठ्यक्रम का बड़ा उद्देश्य शिक्षार्थियों के लिए हिन्दी के शिक्षण को आसान बनाना ,इसे और अधिक रोचक बनाना,लेकिन साथ ही साथ साहित्य के सभी तत्व को अक्षुण्ण रखना है।

यह पाठ्यक्रम पाठक को उन सभी परिवर्तनों के करीब ले जाता है जिनसे हिन्दी गुजरी है।।यह न केवल शिक्षार्थियों को उनकी कमियों को दूर करने में मदद करेगा बल्कि उन्हें हिन्दी साहित्य के खजाने का आनंद भी देगा।